देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 06.04.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति दी।
- आज देशभर में रामनवमी धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ मनाई जा रही है। राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामनवमी की दी शुभकामनाएं।
- प्रदेश सरकार ने पूर्व मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को नई राज्य मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया है।
- केदारनाथ यात्रा के लिए घोड़ा–खच्चरों का पंजीकरण आज से शुरू।
- और.... उत्तराखंड के लोक पर्व 'फुल देई' पर बनाई गई लघु एनिमेटेड फिल्म का वेव्स के अवार्ड इन एक्सीलेंस के लिए हुआ चयन।

वक्फ संशोधन विधेयक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बन गया है। संसद ने इस विधेयक को इसी सप्ताह पारित किया था।

लोकसभा में इस विधेयक के पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोट पड़े थे। राज्यसभा में 128 सदस्यों ने इसके पक्ष में और 95 ने विरोध में मतदान दिया था। राष्ट्रपति ने मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक, 2025 को भी स्वीकृति दे दी है।

राम नवमी

आज देशभर में रामनवमी धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ मनाई जा रही है। यह त्योहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के अवतरण का प्रतीक है। रामनवमी चैत्र माह की नौवीं तिथि को मनाई जाती है। रामनवमी से पूर्व नौ दिन का उपवास रखा जाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्योहार समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ मानवता की सेवा का संदेश देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम हमारी आस्था के प्रतीक हैं, उनका आदर्श चरित्र हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में सुबह से पूजा–अर्चना के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। आज नवमी पर लोग घरों में कन्यापूजन करने के बाद नवरात्रि का समापन कर रहे है। कुछ लोग ने कल अष्टमी के दिन कन्याओं का पूजन कर उनसे आशीर्वाद लेकर नवरात्र साधना का परायण किया।

राधा रतूड़ी

पूर्व मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को प्रदेश की नई राज्य मुख्य सूचना आयुक्त बनाया गया है। शासन ने उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी है।

सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, राधा रतूड़ी की मुख्य सूचना आयुक्त पद पर की गई नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक तैनात रहेंगी। बता दें कि हाल ही में राधा रतूडी मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हुई हैं।

केदारनाथ यात्रा

आगामी दो मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा की तैयारियों के लिए केदारनाथ तक सामान ढुलान के लिए घोड़ा–खच्चरों का पंजीकरण आज से शुरू होगा। ऊखीमठ ब्लॉक के चार स्थानों पर 6 से 9 अप्रैल तक आयोजित शिविरों में सामान ढुलान के लिए एक हजार से अधिक घोड़ा–खच्चरों का स्वास्थ्य जांच के आधार पर पंजीकरण किया जाएगा। दूसरी तरफ यात्रियों के लिए घोड़ा–खच्चरों के पंजीकरण की अभी नई तिथि तय नहीं हो पाई है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आशीष रावत ने बताया कि यात्रा तैयारियों को समय पर पूरा करने के लिए गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग से घोड़ा–खच्चरों से राशन, सब्जी और अन्य सामग्री धाम पहुंचाई जानी है। इसके लिए घोड़ा–खच्चरों का पंजीकरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल रविवार को बडासू, 7 को रामपुर, 8 सोनप्रयाग और 9 को गौरीकुंड में शिविर संचालित किये जाएंगे।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि सामान ढुलान के लिए घोड़ा–खच्चरों के स्वास्थ्य की जांच, बीमा और ग्लैंडर्स रोग की जांच के लिए सैंपलिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन गांवों में घोड़ा–खच्चर हॉर्ष फ्लू से पीडित थे, वहां हालत धीरे–धीरे सामान्य हो रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस

अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस पर क्रॉस कंट्री दौड़ और हॉकी व फुटबाल के मैत्री मैच के विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि 38 वें राष्ट्रीय खेलों ने हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर तो अपना नाम रोशन कर दिया है, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय फलक पर छाने की तैयारी में जुटना होगा। श्रीमति आर्या ने कहा कि 2036 के ओलंपिक के लिए हमने कम से कम 40 एथलीट तैयार करने की प्लानिंग की है। खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवा खिलाड़ियों को निखारने और उनका भविष्य उज्जवल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

'वेव्स'–1

उत्तराखंड के लोक पर्व 'फुल देई' पर बनाई गई लघु एनिमेटेड फिल्म का वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट– वेव्स के अवार्ड इन एक्सीलेंस के लिए चयन हुआ है। क्रीएट इन इंडिया चैलेंज प्रतियोगिता के अंतर्गत शॉर्ट्स मेकिंग वर्ग में देहरादून निवासी, फिल्म मेकर और एनिमेटर कार्तिक महाजन ने इस फिल्म को बनाया है।

यूसीसी

यूसीसी के महानिबंधक डॉ० षणमुगम की अध्यक्षता में बागेश्वर जिले में समान नागरिक संहिता के पंजीकरण की वर्तमान स्थिति पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में 92 प्रतिशत कर्मचारियों का पंजीकरण पूरा हो चुका है। इसके साथ ही यूसीसी पंजीकरण की प्रगति की वर्तमान स्थिति, आंकड़ों, एवं विभिन्न स्तरों से यूसीसी के सफल क्रियान्वयन पर प्रशिक्षण के लिए किए जा रहे सकारात्मकता कदमों पर जानकारी दी गईं।

डॉ० षणमुगम ने कहा कि तकनीकी खामियों को दूर करने, पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने और डेटा सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में काम किया जा रहा है, ताकि यूसीसी का कार्यान्वयन और अधिक प्रभावी हो सके।

यातायात व्यवस्था

नैनीताल जिला प्रशासन ने नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टैक्सी, मैक्सी, ई–रिक्शा और दोपहिया टैक्सी वाहनों के संचालन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत नगर में संचालित सभी वाणिज्यिक वाहनों का सत्यापन और फिटनेस परीक्षण निर्धारित दो चरणों में किया जाएगा।

पहले चरण में 3 जुलाई 2017 से पूर्व परमिट प्राप्त टैक्सी वाहनों और दूसरे चरण में 3 जुलाई 2017 के बाद परमिट प्राप्त वाहनों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के समय वाहन स्वामी अथवा चालक को अपने वाहन के साथ उपस्थित रहना होगा।

नशा तस्कर गिरफ्तार

कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्रो में लम्बे समय से हेरोइन सहित विभिन्न नशे के कारोबार में लिप्त कुख्यात तस्कर मंगा सिंह उर्फ मंगू को चम्पावत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में पंजीकृत मंगू को उत्तरप्रदेश के रामपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

ये जानकारी देते हुए चम्पावत जिले के पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि नशा मुक्त उतराखण्ड अभियान के तहत नशा तस्करों की गिरफ्तार की जा रही है। उन्होंने बताया कि मंगू के खिलाफ विभिन्न मामलों में मुकदमा पंजीकृत है।